कार्यालय प्राचार्य,
शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डी लोहारा,जिला – बालोद (छ.ग.)
Email ID – govtcollegelohara@gmail.com
Tell.No- 07748-299010
NAAC Accredited "B" Grade

पत्र क्रमांक 597 / नामांकन / 2022

डौण्डी लोहारा, दिनांक 01 / 10 / 2022

# / /आवश्यक सूचना/ /

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु स्नातक स्तर के (बी.ए./बी.कॉम/बी.एससी. भाग– एक) एवं सेमेस्टर स्नातकोत्तर कक्षाओं के (प्रथम सेमेस्टर) नियमित नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.durguniversity.ac.in** नामांकन आवेदन फार्म **ऑनलाईन पद्धति** द्वारा भरने एवं नामांकन शुल्क की नियत राशि रू. **150.00/–** जमा करने की तिथि निम्नानुसार है:–

(नामांकन शुल्क – ए.टी.एम. कार्ड/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग/यू.पी. आई. के माध्यम से जमा किए जायेंगे।)

| क्र. | नमांकन फार्म एवं शुल्क | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन द्वारा शुल्क सहित आवेदन करने की तिथि | **01/10/2022 से 15/10/2022 तक** |
| 02 | ऑनलाईन नामांकन आवेदन की हार्डकॉपी महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | **17/10/2022 तक** |

टीप:– नामांकन फार्म www.durguniversity.ac.in ⇒ Quick Links ⇒ Online Enrollment Form 2022-23 पर Click कर भर सकते हैं।

निर्देश:– 01. परीक्षार्थियों को नामांकन आवेदन की हार्डकापी संबंधित महाविद्यालय में निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।

02. नामांकन फार्म भरने के लिए छात्रों को प्रवेश आवेदन फार्म 2022–23 के समय उपयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग करना होगा। नामांकन फार्म हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं हैं।

03. छात्र–छात्राओं द्वारा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से पूर्व में नामांकन कराया गया हैं तो उन्हें पुनः नामांकन आवेदन फार्म जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

04. स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेशित ऐसे छात्र जो पूर्व में अमहाविद्यालयीन (स्वाध्यायी) छात्र के रूप में सम्मिलित हुए थे तथा इस वर्ष नियमित प्रवेश लिए हैं उनके नामांकन फार्म भी ऑनलाईन माध्यम से भराए जायेंगे।

05. नामांकन फार्म से संबंधित जानकारी हेतु महाविद्यालय के सूचना पटल, वेबसाइट **www.gecdl.in** एवं वेबसाइट **www.durguniversity.ac.in** का अवलोकन कर सकते है।

O/C

01/10/22
(राजू लाल कोसरे)
प्राचार्य
शासकीय एकलव्य महाविद्यालय

कार्यालय प्राचार्य,
शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डी लोहारा,जिला – बालोद (छ.ग.)
Email ID – govtcollegelohara@gmail.com
Tell.No- 07748-299010
NAAC Accredited "B" Grade

जावक क्र 597 दिनांक 1/10/22

# //सूचना//

शैक्षणिक सत्र 2022–23 में बी.ए., बी.कॉम, एंव बी.एस.सी (बायो., माइक्रो एवं गणित) प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर तथा स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के वे छात्र छात्रायें जो पूर्व में स्वाध्यायी (अमहाविद्यालयीन) परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित हुये है। छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि ऑनलाईन नामांकन फार्म हार्डकापी के साथ निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करें।

1. ऑनलाईन नामांकन आवेदन की हार्डकापी
2. 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची प्रमाण पत्र
3. पिछली कक्षा की अंकसूची प्रमाण पत्र
4. मूल निवास प्रमाण पत्र,
5. आधार कार्ड की छायाप्रति
6. गेप सर्टिफिकेट (यदि गेप हो तो) मूलप्रति
7. प्रवेश फीस कार्ड की छायाप्रति

01/10/22
(राजू लाल कोसरे)
प्राचार्य
शासकीय एकलव्य महाविद्यालय
डौंडीलोहारा,जिला-बालोद (छ.ग.)

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100

## // अधिसूचना //

क्रमांक 694 /नामांकन/2022 दुर्ग, दिनांक 29/09/2022

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के शैक्षणिक सत्र 2022–23 के समस्त स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष/सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए नामांकन आवेदन फार्म ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.durguniversity.ac.in** के माध्यम से भरने एवं नामांकन शुल्क की राशि रू. 150/– सहित जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैः–

(नामांकन शुल्क – ए.टी.एम. कार्ड/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग/यू.पी.आई. के माध्यम से जमा किए जायेंगे।)

| क्र. | नामांकन फार्म एवं शुल्क | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन द्वारा शुल्क सहित आवेदन करने की तिथि | 01.10.2022 से 15.10.2022 तक |
| 2. | ऑनलाईन नामांकन आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 17.10.2022 |
| 3. | महाविद्यालय द्वारा समस्त विद्यार्थियों के नामांकन आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 19.10.2022 |

टीपः– 1. नामांकन फार्म **www.durguniversity.ac.in** ——▸ Quick Links ——▸ Online Enrollment Form 2022-23 पर Click कर भरे जा सकते हैं।

2.विद्यार्थी, https://durg.ucanapply.com/smartexam/public/student के माध्यम से भी ऑनलाईन नामांकन आवेदन फार्म भर सकते हैं।

निर्देशः–

1. परीक्षार्थियों को नामांकन आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। आवेदन की हार्डकापी महाविद्यालयों में जमा करने हेतु निर्देशित किया जायेगा।
2. छत्तीसगढ़ के बाहर स्थित बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं से अप्रवासन शुल्क राशि रू. 360/– शुल्क लिया जाना है।
3. CBSE बोर्ड से उत्तीर्ण ऐसे छात्र/छात्राएं जिन्होंने छत्तीसगढ़ में स्थित किसी विद्यालय से 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हें अप्रवासन शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा।
4. ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने नाम/उपनाम परिवर्तन कराया है उन्हें विश्वविद्यालय में नाम/उपनाम परिवर्तन शुल्क रू. 180/– राशि के साथ आवेदन करना होगा। इस संबंध में विद्यार्थियों को नामांकन फार्म संबंधित महाविद्यालय में शपथपत्र की मूलप्रति के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. नामांकन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के सम्बद्ध दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद एवं कवर्धा (कबीरधाम) में स्थित महाविद्यालयों के नियमित विद्यार्थियों द्वारा भरा जाना है।
6. नामांकन फार्म भरने के लिए छात्रों को प्रवेश आवेदन फार्म 2022–23 के समय उपयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग करना होगा। नामांकन फार्म हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं है।
7. कृपया ध्यान रखें कि यदि छात्र/छात्रा द्वारा इस विश्वविद्यालय से पूर्व में नामांकन कराया गया है तो उन्हें पुनः नामांकन आवेदन फार्म जमा करने की आवश्यकता नहीं है।
8. स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेशित ऐसे छात्र जो पूर्व में अमहाविद्यालयीन (स्वाध्यायी) छात्र के रूप में सम्मिलित हुए थे तथा इस वर्ष नियमित प्रवेश लिए हैं उनके नामांकन फार्म भी ऑनलाईन माध्यम से भराए जायेंगे।
9. छात्र–छात्राएँ ऑनलाईन नामांकन फार्म भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मोबाईल नं. 9713387094/7225940167 (प्रातः 10:30 बजे से सायं 05:30 बजे के मध्य) एवं ई–मेल onlinehelp@durguniversity.in पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कुलपति महोदया के आदेशानुसार

कुलसचिव

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

क्रमशः...... 02

Rp self 01/10/22